Adda247

GET IT ON Google Play

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT) परीक्षा, 2018

# गृह विज्ञान

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 29 जुलाई, 2018)

**1. टायलिन की क्रिया के द्वारा कार्बोहाइड्रेट की पाचन क्रिया की प्रक्रिया का सही क्रम दीजिए:**

1. एरिथ्रोडेक्सट्रिन 2. आइसोमाल्टोज
3. बॉयल्ड स्टार्च 4. ऐक्रोडेक्सट्रिन
5. सॉल्यूबल स्टार्च

**कूट:**

(a) 5, 3, 4, 1, 2 (b) 3, 5, 1, 4, 2
(c) 5, 3, 1, 4, 2 (d) 5, 3, 1, 2, 4

**Ans. (b) :** टायलिन की क्रिया के द्वारा कार्बोहाइड्रेट की पाचन क्रिया की प्रक्रिया का सही क्रम-
(3) उबला स्टार्च
(5) सल्यूबल स्टार्च
(1) एरिथ्रोडेक्सट्रिन
(4) ऐक्रोडेक्सट्रिन
(2) आइसोमाल्टोस

**2. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ल्यूकोसिन | 1. मांसपेशी |
| B. मायोएल्ब्यूमिन | 2. दूध |
| C. लैक्टेएल्ब्यूमिन | 3. लिम्फ |
| D. सीरम एल्ब्यूमिन | 4. गेहूँ |
| | 5. अण्डे का सफेद भाग |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 5 | 3 |

**Ans. (b) :**

| | | |
|---|---|---|
| ल्यूकोसिन | - | गेहूँ |
| मायोएल्ब्यूमिन | - | मांसपेशी |
| लैक्टेएल्ब्यूमिन | - | दूध |
| सीरम एल्ब्यूमिन | - | अण्डे का सफेद भाग |

**3. सूची-I में दिए गए पौष्टिक तत्त्वों को सूची-II में दिए गए उनकी कमी से होने वाले लक्षणों से मिलाइए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. टोकोफेरॉल | 1. एण्टीरैकिटिक कारक |
| B. कैल्सीफेरॉल | 2. एण्टीस्कॉर्ब्यूटिक कारक |
| C. एन्युरीन | 3. एण्टीस्टेरिलिटिक कारक |
| D. रेटीनॉल | 4. एण्टीन्यूरिटिक कारक |
| | 5. एण्टीजेरोफ्थैल्मिक कारक |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 5 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 5 |

**Ans. (d) :**

| | |
|---|---|
| टोकोफेरॉल | - एण्टीस्टेरिलिटिक कारक |
| कैल्सीफेरॉल | - ऐण्टीरैकिटिक कारक |
| एन्युरीन | - एण्टीन्यूरिटिक कारक |
| रेटीनाल | - एण्टीजेरोफ्थैल्मिक कारक |

**4. निम्न पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर चुनिए:**

**1. प्रसव के पश्चात् प्रथम तीन दिन तक स्रावित होने वाला तरल कोलेस्ट्रम कहलाता है।**

**2. इसमें प्रोटीन की उच्च मात्रा होने का कारण ग्लोब्यूलिन की उपस्थिति है।**

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न जो 1, न ही 2

**Ans. (c) :** प्रसव के पश्चात् प्रथम 3 (तीन) दिन तक स्रावित होने वाला तरल कोलेस्ट्रम कहलाता है और इसमे प्रोटीन की उच्च मात्रा होने का कारण ग्लोब्यूलिन की उपस्थिति है। इस प्रकार कथन (1) व (2) दोनो सही है।

**5. निम्न में से कौन-सा विकास का सिद्धान्त नहीं है?**

1. विकास विशिष्ट से सामान्य की ओर अग्रसर होता है।
2. विकास की विभिन्न अवस्थाएँ होती हैं।
3. विकास प्रतिमान की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती।
4. विकास एक निश्चित क्रम में अग्रसर होता है।
5. विकास परिवर्तन का क्रम है।

**कूट:**

(a) केवल 1 तथा 5 (b) केवल 1 तथा 3
(c) केवल 3 तथा 5 (d) केवल 3

**Ans. (b) :** विकास एक अनवरत प्रक्रिया है यह गर्भाधान से प्रारम्भ होकर मृत्यु पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है सोते जागते उठते बैठते चलते-फिरते सतत् विकास चलती रहती है।
विकास के सिद्धान्त निम्नलिखित-
(1) विकास अमूर्त होता है।
(2) प्राणी में विकास पहले होता है
(3) विकास की विभिन्न अवस्थाएं होती है।
(4) विकास एक निश्चित क्रम में अग्रसर होता है।
(5) विकास परिवर्तन का क्रम है।

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

6. **खेल के पुनरावृत्ति के सिद्धान्त के प्रवर्तक थे**

(a) हरबर्ट स्पेन्सर एवं शीलर (b) मैकडूगल
(c) स्टेनले हॉल (d) ग्रॉस

**Ans. (c) :** खेल के पुनरावृत्ति के सिद्धान्त के प्रवर्तक स्टेनले हॉल थे। इस सिद्धान्त के अनुसार बालक खेल में अपने पूर्वजों द्वारा किए गऐ कार्यो की पुनरावृत्ति करता है। इनके अनुसार "खेल को मैं अतीत कार्यक्षेत्र का जातीय उत्साह और प्रवृत्ति समझता हूँ।" इनके अनुसार जिन स्तरो से उनकी जाति गुजर चुकी है, उन्ही स्तरों को बालक अपने खेल में दोहराते हैं, शुरू में उनके पूर्वज जैसी क्रियाए करते थे, वैसी ही क्रियाएँ बालक अपने खेल में दोहराते है।

7. **मेडुला की उपस्थिति किसकी विशेषता है?**

(a) सूती रेशा (b) ऊनी रेशा
(c) नायलॉन रेशा (d) सिल्क रेशा

**Ans. (b) :** मेडुला की उपस्थिति ऊनी रेशा की विशेषता है। ऊनी रेशो का अन्तःपरत मेडुला (medulla) कहलाता है। यह गोलाकार होता है। इसके मध्य में एक खोखली नलिका होती है। परन्तु सभी ऊनी रेशो में यह आवश्यक रूप से नही पाया जाता है उत्तम श्रेणी के रेशों में यह "अत्यन्त कम" विकसित अथवा "अनुपस्थित" रहता है। निम्न श्रेणी के मोटे रेशो में यह परत सबसे ज्यादा विकसित रहता है यह परत नमी सोखने एवं ऊनी रेशा की रंगाई में सहायता प्रदान करता है।

8. **सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अवशोषकता | 1. बिना टूटे हुए मुड़ना |
| B. इलास्टिक रिकवरी | 2. अत्यधिक दबाव के पश्चात् अपने मूल आयतन में वापस आना |
| C. प्रतिस्कन्दता | 3. छिद्रों द्वारा द्रव को आकर्षित एवं ग्रहण करना |
| D. लचीलापन | 4. खिंचाव व तनाव ग्रहण करने के पश्चात् अपनी मूल लम्बाई में वापस आना |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**Ans. (a) :**

अवशोषकता - छिद्रों द्वारा द्रव को आकर्षित एवं ग्रहण करना।
इलास्टिक रिकवरी - खिंचाव व तनाव ग्रहण करने के पश्चात् अपनी मूल लम्बाई में वापस आना।
प्रतिस्कन्दता - अत्यधिक दबाव के पश्चात् अपने मूल आयतन में वापस आना
लचीलापन - बिना टूटे हुए मुड़ना

9. **कपास के रेशे के उत्पादन का सही क्रम दीजिए:**

1. कंघी करना
2. खेती करना
3. खोलना एवं आपस में मिलाना
4. बिनौले निकालना और गाँठ बाँधना
5. कताई करना
6. पूनी बनाना
7. धुनना

**कूटः**

(a) 2, 3, 4, 1, 5, 6, 7
(b) 2, 3, 4, 7, 1, 6, 5
(c) 2, 4, 3, 7, 1, 6, 5
(d) 2, 4, 3, 1, 7, 6, 5

**Ans. (c) :** कपास एक विश्वव्यापी रेशा है। कपास से बना वस्त्र सस्ता मजबूत सुन्दर विलक्षण गुणों से सम्पन्न व सभी आय वर्ग के लोगों के पहुँच के भीतर होता है। साधारणतः कपास का पौधा 4-6 फीट तक लम्बा होता है। कपास के रेशे के उत्पादन का सही क्रम-
(2) खेती करना
(4) बिनौले निकालना और गाँठ बाँधना
(3) खोलना एवं आपस में मिलाना
(7) धुनना
(1) कंघी करना
(6) पूनी बनाना
(5) कताई करना

10. **वस्त्रोपयोगी रेशों के आपस में सटने की क्षमता के गुण में कौन-से कारक योगदान देते हैं?**

1. रेशे की सूक्ष्मता एवं सतह की प्रकृति
2. रेशे की लम्बाई एवं कटाई द्वारा दबाव

**कूटः**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**Ans. (a) :** वस्त्रोपयोगी रेशों के आपस में सटने की क्षमता के गुण में रेशे की सूक्ष्मता एवं सतह की प्रकृति योगदान देते है।

11. **वस्त्र-निर्माण की अवस्थाओं को क्रम से लिखिए:**

1. ड्रॉइंग आउट
2. कॉम्बिंग
3. रोविंग
4. स्पिनिंग
5. कार्डिंग

**कूटः**

(a) 5, 2, 1, 3, 4 (b) 2, 5, 1, 3, 4
(c) 5, 3, 2, 1, 4 (d) 2, 5, 3, 1, 4

**Ans. (a) :** रेशे वस्त्र निर्माण की सबसे सरलतम व लघुत्तम अति महत्वपूर्ण इकाई है। रेशे को विभिन्न प्रक्रियाओं व अवस्थाओं से गुजारकर इनसे अविरल लम्बाई के धागे का निर्माण किया जाता है तत्पश्चात वस्त्र बुना जाता है। प्राकृतिक रेशों से धागा निर्माण हेतु निम्नांकित अवस्थाएँ है-
(5) कार्डिंग
(2) कॉम्बिंग
(1) ड्रॉइंग आउट
(3) रोविंग
(4) स्पिनिंग

**12. रेशे का वह गुण, जिसमें रेशों को दबाने के पश्चात् छोड़ देने पर वह पुनः अपना पूर्व आयतन प्राप्त कर लेता है, कहलाता है**
(a) लचीलापन (b) प्रत्यास्थता
(c) प्रतिस्कंदता (d) तनाव सामर्थ्य

**Ans. (c) :** रेशे का वह गुण जिसमे रेशो को दबाने के पश्चात् छोड़ देने पर वह पुनः अपना पूर्व आयतन प्राप्त कर लेता है प्रतिस्कंदता कहलाती है। रेशो में उपस्थित प्रतिस्कंदता के गुण के कारण ही वस्त्र में शीघ्रता से शिकन नहीं पड़ती है वस्त्रों का दैनिक प्रयोग के पश्चात् टाँगना, मोड़ना अथवा लपेटना पड़ता है जिससे उनकी तहें अक्सर मुड़ जाती है अथवा विकृत हो जाती है परन्तु फिर भी वे वस्त्र प्रतिस्कंदता के गुण के कारण ही अपनी पूर्वाकृति प्राप्त कर लेती हैं।

**13. अपहोल्सटरी का उपयोग किया जाता है**
(a) फर्नीचर को ढँकने में (b) फर्श बिछावन में
(c) पलंग पर बिछाने में (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (a) :** अपहोल्सटरी का प्रयोग फर्नीचर को ढ़कने के लिए किया जाता है। इससे फर्नीचर की जिन्दगी तो बढ़ ही जाती है साथ ही कक्ष की सुन्दरता में भी अतिशय वृद्धि हो जाती है। इस प्रकार अपहोल्सटरी का उपयोग मुख्यतः निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है- (1) फर्नीचर की जिन्दगी में बढ़ोतरी करना। अर्थात् फर्नीचर को मजबूत एवं टिकाऊ बनाना।
(2) फर्नीचर की उपयोगिता बढ़ाना तथा
(3) कक्ष की सुन्दरता में वृद्धि करना

**14. विरंजक, जो जावेल वाटर भी कहलाता है।**
(a) हाइड्रोजन परॉक्साइड (b) सोडियम परबोरेट
(c) पोटैशियम परमैंगनेट (d) सोडियम हाइपोक्लोराइड

**Ans. (d) :** सोडियम हाइपोक्लोराइड को जावेल वाटर भी कहते हैं। इसका निर्माण घर पर भी आसानी से किया जा सकता है इसकी निर्माण विधि में निम्न प्रकार से होती है -
उबलता पानी- आधा लीटर
ठंडा पानी- दो लीटर
धावन सोडा- 250 gm
क्लोराइट ऑफ लाइम (चूना)-25 gm
विधि- उबलते हुए पानी में धावन सोडा मिलाकर एक बर्तन में रखे। ठंडे जल में चूना को 2-3 घंटे तक भिगोने के लिए छोड़ दे। जब यह भीग जाए तो इसके स्वच्छ जल को निथार कर अलग कर लें तथा सोडे के घोल से मिला दें।

**15. अधिक ऐंठनयुक्त धागे में ऐंठन की संख्या होती है**
(a) 0.3 ऐंठन प्रति इंच (b) 3-7 ऐंठन प्रति इंच
(c) 7-12 ऐंठन प्रति इंच (d) 12-15 ऐंठन प्रति इंच

**Ans. (c) :** अधिक ऐंठन युक्त धागा इसमें अधिक ऐंठन 7-12 ऐंठन प्रति इंच होती है ऐंठन देने हेतु इसकी दिशा निर्धारित की जाती है। रेशे लम्बे हो अथवा छोटे इन्हे ऐंठन देकर ही धागा निर्माण का कार्य किया जाता है ऐंठन देने का मुख्य उद्देश्य सभी रेशों में आपस में सटाकर बांधना है, जिससे उनके खुले सिरे आपस में लिपटकर आदृश्य हो जाए।

**16. जैस्टेशनल डायबिटीज**
(a) गर्भावस्था में होती है
(b) डायबिटीज की पूर्वावस्था है
(c) गर्भावस्था के बाद होती है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** यह रोग गर्भावस्था के दौरान रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने से होता है। शरीर में इन्सुलिन हार्मोन के उत्पादन में कमी अथवा दोष से उत्पन्न रोग "मधुमेह" कहलाता है। मनुष्य के अग्नाशय से इन्सुलिन हार्मोन का स्त्रावण होता है यह अंतःस्त्रावी हार्मोन है जो लैंगरहैन्स के द्वीपिकाओं के कोशिकाओ द्वारा स्त्रावित होती है।

**17. निम्न में से कौन-सी यान्त्रिक परिसज्जा नहीं है?**
(a) कैलेन्डरिंग (b) सिंक्रोनाइजिंग
(c) मोएरिंग (d) सिलवटरोधी परिसज्जा

**Ans. (d) :** सिलवटरोधी परिसज्जा रासायनिक परिसज्जा है। यह परिसज्जा सूती एवं लिनन के वस्त्रों में किया जाता है क्योंकि इन वस्त्रो में तन्यता, प्रत्यास्था एवं प्रतिस्कंदता का सख्त अभाव रहता है। इस कारण ये वस्त्र शीघ्रता से क्रश हो जाते है और इनमें सिलवटें पड़ जाती है।

**18. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित हुआ था**
(a) 24 दिसम्बर, 1980 को
(b) 24 दिसम्बर, 1982 को
(c) 24 दिसम्बर, 1986 को
(d) 24 दिसम्बर, 2000 को

**Ans. (c) :** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 24 दिसम्बर 1986 को पारित हुआ था उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत उपभोक्ताओं को निम्नांकित अधिकार दिये गये-
(1) चयन का अधिकार- उपभोक्ता को सही मूल्य पर सही वस्तु चयन करने का अधिकार है।
(2) सुरक्षा का अधिकार
(3) सूचित किये जाने का अधिकार
(4) क्षति-पूर्ति प्राप्त करने का अधिकार
(5) सुनवाई का अधिकार
(6) उपभोक्ता की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति का अधिकार
(7) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

**19. सिलाई के धागे का गुण होना चाहिए**
(a) इलास्टिक रिकवरी (b) हाई-फ्रिक्शन रेजिस्टेंस
(c) एक्सटेंसिबिलिटि (d) गुड अपीयरेंस

**Ans. (b) :** सिलाई के धागे हाई-फ्रिक्शन रेजिस्टेंस वाले होने चाहिए। जिससे वह सिलाई के दौरान घर्षण क्रिया में टूटे न।

**20. शरीर का नाप लेकर विकसित किया गया पैटर्न है**
(a) ड्रैपिंग (b) ड्राफ्टिंग
(c) क्लॉथिंग कन्सट्रक्शन (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (b) :** शरीर का नाप लेकर विकसित किया गया पैटर्न ड्राफ्टिंग है। वस्त्र की सिलाई प्रारम्भ करने से पूर्व उसका खाका बना लेना ड्राफ्ट या ड्राफ्टिंग कहलाता है यह प्रक्रिया कागज पर की जाती है। ड्राफ्टिंग बनाने के महत्वपूर्ण उपकरण-
(1) कैंची (2) भूरा कागज (3) नापने का फीता (4) दर्जी का चौकोर (5) रूलर पटरी

**21. एक सादी पोशाक, जिस पर कोई बाहरी सजावट न हो इसे क्या कहते हैं**
(a) रचनात्मक नमूना (b) सजावटी नमूना
(c) सतही नमूना (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (a) :** एक सादी पोशाक जिस पर कोई बाहरी सजावट न हो उसे रचनात्मक नमूना कहते है।

**22. कार्बोनाइजिंग है**
(a) ड्राइंग प्रोसेस (b) फिनिशिंग प्रोसेस
(c) रोविंग प्रोसेस (d) रेटिंग प्रोसेस

**Ans. (b) :** कार्बोनाइजिंग फिनिशिंग प्रक्रिया (प्रोसेस) है। कार्बोनाइजिंग की प्रक्रिया में सल्फ्यूरिक अम्ल अथवा हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से रेशों को धोया जाता है। इससे सभी प्रकार की अशुद्धियाँ नष्ट हो जाती है तथा रेशे स्वच्छ एवं हल्के हो जाते है।

**23. बैठने और खड़े होने के स्थिति में शरीर का संतुलन बनाने के लिए आवश्यक मांसपेशी है**
(a) कंकाल मांसपेशी (b) कोमल मांसपेशी
(c) हृदय मांसपेशी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** बैठने और खड़े होने की स्थिति में शरीर का संतुलन बनाने के लिए कंकाल मांसपेशी आवश्यक है। ये पेशियाँ कंकाल की गति एवं चलन में सहायक होती हैं, ये कण्डराओं द्वारा अस्थियों से जुड़ी रहती है इन्हें रेखित या ऐच्छिक पेशियाँ भी कहते हैं।

**24. 'हैप्लॉइड नम्बर' शब्द का प्रयोग किया जाता है**
(a) माइटोसिस में (b) मिओसिस में
(c) म्यूटेशन में (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** हैप्लॉइड नम्बर शब्द का प्रयोग मिओसिस में किया जाता है। ऐसा कोशिका विभाजन जिसमें बनने वाली संतति (पुत्री) कोशिकाओं में गुणसूत्रों की संख्या मातृ कोशिकाओं (2n) की आधी (n) रह जाती है, अर्द्धसूत्री विभाजन (मिओसिस) कहलाता है। यह विभाजन अलैंगिक जनन करने वाले सजीवों में होता है।

**25. रक्त कोशिकाएँ, जो मोनोसाइट से छोटी होती है और जिसमें बड़ा केन्द्रक पाया जाता है**
(a) एरिथ्रोसाइट (b) लिम्फोसाइट
(c) बैसोफिल (d) प्लेटलेट

**Ans. (b) :** रक्त कोशिकाएँ जो मोनोसाइट से छोटी होता है और जिससे बड़ा केन्द्रक पाया जाता उसे लिम्फोसाइट कहते है। लिम्फोसाइट श्वेत रूधिराणु की संख्या का 20-40% तक होते है प्रतिघन मि. रक्त में इनकी संख्या 15-2500 तक होती है। इनका प्रमुख कार्य शरीर की प्रतिरक्षी प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक प्रतिरक्षी बनाना।

**26. रोर्शाक इंकब्लॉट परीक्षण है, एक**
(a) सामाजिक सांख्यिकी तकनीक
(b) रचनात्मक तकनीक
(c) समाप्ति तकनीक
(d) प्रक्षेपण तकनीक

**Ans. (d) :** रोर्शाक इंकब्लॉक परीक्षण एक प्रक्षेपण तकनीक (Projective test) है।

**27. शोध की रूपरेखा, जो आसान एवं अस्पष्ट होती है**
(a) पूर्वपरीक्षण रूपरेखा
(b) निर्णायक शोध रूपरेखा
(c) अन्वेषणात्मक शोध रूपरेखा
(d) वर्णात्मक शोध रूपरेखा

**Ans. (c) :** शोध की रूप रेखा जो आसान एवं अस्पष्ट होती है उसे अन्वेषणात्मक शोध रूपरेखा कहते है।

**28. निदर्शन, जो संभावित निदर्शन रूपरेखा के अन्तर्गत आता है**
(a) सुदाय निदर्शन (b) अभ्यांश निदर्शन
(c) सोद्देशीय निदर्शन (d) सुविधापूर्ण निदर्शन

**Ans. (a) :** निदर्शन जो संभाविता निदर्शन रूपरेखा के अन्तर्गत आता है वह सुदाय निदर्शन (Cluster Sampling) है।

**29. परिकल्पना, जो दो चरों में अनुमानित संबंध नहीं बताती है, कहलाती है**
(a) एक-पुच्छीय परिकल्पना (b) संबंधनात्मक परिकल्पना
(c) द्वि-पुच्छीय परिकल्पना (d) वर्णनात्मक परिकल्पना

**Ans. (a) :** परिकल्पना जो दो चरों में अनुमानित संबंध नही बताती है वह एक-पुच्छीय परिकल्पना (One tailed hypothesis) कहलाती है।

**30. स्केल, जिसे समेटिड स्केल भी कहते हैं, है**
(a) स्टैपल स्केल (b) बलपूर्ण स्केल
(c) लिकर्ट स्केल (d) अपेक्षाकृत स्केल

**Ans. (c) :** स्केल जिसे समेटिड स्केल भी कहते है, वह लिकर्ट स्केल (Likert Scale) है।

**31. भवन-निर्माण नक्शा, जो 1:1000 माप का तैयार किया जाता है, कहलाता है**
(a) भूखण्ड योजना (b) धरातल योजना
(c) भू-दृश्य योजना (d) सर्विस योजना

**Ans. (b) :** भवन निर्माण नक्शा जो 1:1000 माप पर तैयार किया जाता है, वह धरातल योजना (Floor Plan) कहलाता है।

**32. जब हड्डी तीन या अधिक टुकड़ों में टूटी हो, तो यह कहलाती है**
(a) कच्ची अस्थिभंग (b) विषम अस्थिभंग
(c) बहुखण्ड अस्थिभंग (d) जटिल अस्थिभंग

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** जब हड्डी तीन या अधिक टुकड़ों में टूटी हो तो बहुखण्ड अस्थि भंग (Comminuted Fracture) कहलाती है।

**33. पाँच वर्ष से अधिक आयु वाले बच्चों को कृत्रिम श्वसन की कौन-सी विधि दी जाती है?**

(a) शेफर की विधि (b) सिलवेस्टर की विधि
(c) लाबोर्ड की विधि (d) नेल्सन की विधि

**Ans. (a) :** पाँच वर्ष से अधिक आयु वाले बच्चों को कृत्रिम श्वसन की शेफर विधि का प्रयोग किया जाता है। यह विधि तब प्रयोग की जाती है, जब पीड़ित की पीठ पर छालें पड़े हों। इस विधि में पीड़ित को पेट के बल लिटाया जाता है और उसके सिर को किसी एक करवट कर दिया जाता है। इसके बाद पीड़ित के पीठ पर दबाव डाला जाता है तो फेफड़ों के अन्दर की वायु बाहर निकल जाती है और दबाव हटाने से बाहर की ताजी वायु फेफड़ों के अन्दर जाती है। इस प्रकार पीड़ित को श्वास लेने में सहायता मिलती है।

**34. सबसे अधिक मजबूत रेशा है**

(a) नायलॉन (b) रेयॉन
(c) फ्लैक्स (d) ऐक्रिलिक

**Ans. (a) :** सबसे अधिक मजबूत रेशा नायलान है नायलान को जादुई रेशे तथा सुगम जीवन रेशे की संज्ञा दी गई है जिसकी चमक, शक्ति मजबूती, लचीलापन, कोमलता, कार्यक्षमता, सौन्दर्य स्थायित्व आदि का मुकाबला कोई भी प्राकृतिक रेशा नही कर सकता है।

**35. जब चावल अधिक पानी में उबाला जाता है तथा पानी पसाया जाता है, तब नुकसान होता है**

(a) विटामिन A का (b) विटामिन B कॉम्प्लेक्स
(c) विटामिन C का (d) कैल्शियम का

**Ans. (b) :** जब चावल अधिक पानी में उबाला जाता है तथा पानी पसाया जाता है, तब विटामिन B काम्प्लेक्स का नुकसान होता है। क्योंकि विटामिन B काम्प्लेक्स जल में घुलनशील विटामिन है।

**36. एक रजोनिवृत्त महिला के लिए कैल्शियम की आर. डी. ए. होती है**

(a) 600 मि. ग्रा./दिन (b) 900 मि. ग्रा./दिन
(c) 700 मि. ग्रा./दिन (d) 800 मि. ग्रा./दिन

**Ans. (a) :** एक रजोनिवृत महिला के लिए कैल्शियम की आर.डी.ए. 600 मि.ग्रा./दिन होती है।

**37. गर्भावस्था के दौरान कौन-सा हॉर्मोन जी. आइ. टी. के अमाशय की पेशियों की कार्यशीलता को कम करता है?**

(a) प्रोजेस्ट्रॉन (b) एस्ट्रोजन
(c) थायरॉक्सिन (d) इन्सुलिन

**Ans. (b) :** गर्भावस्था के दौरान एस्ट्रोजन हॉर्मोन जी. आई. टी. के अमाशय की पेशियों की कार्यशीलता को कम करता है। यह प्रजनन, मासिक धर्म चक्र और रजोनिवृत्ति के लिए जिम्मेदार है।

**38. सूक्ष्म अणु, जो शरीर में बहुत जल्दी अवशोषित होता है, है**

(a) पॉलीसैकेराइड (b) सेल्यूलोज
(c) हेमीसेल्यूलोज (d) मोनोसैकेराइड

**Ans. (d) :** सूक्ष्म अणु जो शरीर में बहुत जल्दी अवशोषित होता है उसे मोनोसैकेराइड कहते है। मोनोसैकराइड कार्बोज का सबसे सरलतम रूप होता है मोनोसैकेराइड दो शब्दों से मिलकर बना होता है मोनो+सैकेराइड।

**39. पी. ई. एम. का प्रथम सूचक है**

(a) आयु-अनुसार वजन कम होना
(b) आयु-अनुसार वजन अधिक होना
(c) कम बी. एस. आर. होना
(d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (a)** पी.ई.एम. का प्रथम सूचक आयु-अनुसार वजन कम होता है। PEM का पूरा नाम Protein Energy Malnutrition है जिसका हिंदी में पूरा नाम 'प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण' होता है। यह भारत में सबसे बड़ी स्वास्थ्य संबंधित समस्या है। इससे हमारे शरीर के विकास के लिए जितना प्रोटीन और ऊर्जा चाहिए वो और जो शरीर में इसकी मांग दोनों एक समान नहीं होते हैं। मतलब शरीर के जरूरत के हिंसाब से प्रोटीन की कमी होती है। यह समस्या ज्यादातर बच्चों में हल्के, मध्यम और गंभीर स्थिति में देखने को मिलती है। यह छोटे समय की बीमारी से नहीं बल्कि लम्बे समय से कुपोषण के कारण होती है।

**40. 'गतिशील संतुलन' से तात्पर्य है**

(a) प्रोटीन-ऊर्जा अनुपात का
(b) कैल्शियम-फॉस्फोरस अनुपात का
(c) खनिज लवण संतुलन का
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** गतिशील संतुलन से तात्पर्य है प्रोटीन-ऊर्जा अनुपात का होना।

**41. अर्ध-आवश्यक अमीनो अम्ल है**

(a) आर्जीनिन (b) ल्यूसीन
(c) एलानिन (d) वेलिन

**Ans. (a) :** प्रोटीन अमीनों अम्लों के बहुलक होते हैं। बहुत से अमीनो अम्ल आपस में पेप्टाइड बंध से जुड़कर प्रोटीन का निर्माण करते हैं। अमीनों अम्ल 20 प्रकार के होते हैं- आर्जीनिन एक अर्द्ध-आवश्यक अमीनों अम्ल है।

**42. बुने हुए कपड़ों में पाये जाने वाले लम्बतः परस्पर संबंधित लूप को निम्न में से किससे संदर्भित किया जाता है?**

(a) ताना (b) लकीर
(c) वेल (d) कोर्स

**Ans. (a) :** बुने हुए कपड़ो में पाये जाने वाले लम्बतः परस्पर संबंधित लूप को ताना में से संदर्भित किया जाता है।

**43. बंगाल के कांथा कढ़ाई में मुख्यतः इस्तेमाल होने वाली कढ़ाई है**

(a) रनिंग कढ़ाई (b) हेरिंगबोन कढ़ाई
(c) शैडो कढ़ाई (d) फ्रेंच नॉट

**Ans. (a) :** बंगाल के कांथा कढाई में मुख्यतः इस्तेमाल होने वाली कढ़ाई रनिंग कढ़ाई है। कांथा बंगाल की पारम्परिक कढ़ाई है। कांथा से तात्पर्य है वस्त्रों के कई तह।

**44. लम्बे तन्तु को क्या कहते हैं?**

(a) स्टेपल फाइबर (b) इलॉन्गेशन फाइबर
(c) फिलामेन्ट फाइबर (d) ब्लेन्डेड फाइबर

**Ans. (c) :** लम्बे तन्तु को फिलामेन्ट फाइबर कहते है। वे अविरल लम्बाई के होते है प्राकृतिक रेशो में सिल्क फिलामेन्ट रेशा होता है। कृत्रिम रेशो को फिलामेन्ट या स्टेपल किसी भी रूप में तैयार किया जा सकता है।

**45. सिल्क-विज्ञान को क्या कहते है?**

(a) एरीकल्चर (b) सेरीकल्चर
(c) पीसीकल्चर (d) कॉलोनीकल्चर

**Ans. (b) :** सिल्क-विज्ञान या सिल्क के उत्पादन को सेरीकल्चर कहते है। रेशम उत्पादन की यह पहली प्रक्रिया है जिसमें रेशे के कीड़ों को पाला जाता है रेशम के कीड़े का जीवनकाल 2-माह का होता है उसी अल्पवधि में यह चार अवस्थाओ से होकर गुजरता है। ये अवस्थाएँ निम्नांकित है-(1) अण्डा (2) लार्वा (3) प्यूपा (4) कीड़ा रेशम के कीड़े का उत्पादन दो मुख्य कार्यो हेतु किया जाता है। (A) आगामी फसल प्राप्त करने हेतु कीड़ों को तैयार किया जाता है दूसरा (B) रेशम की प्राप्ति हेतु।

**46. स्त्री की गर्भावस्था की अवधि सम्भावित होती है**

(a) 260 दिन (b) 270 दिन
(c) 290 दिन (d) 280 दिन

**Ans. (d) :** जब पुरुष का शुक्राणु स्त्री के अण्डाणु के कोशिका भित्ति में प्रवेश करता है तो यह निषेचन कहलाता है। निषेचन के क्रिया के फलस्वरूप भ्रुण का निर्माण होता है तथा इसमें बहुगुणन होने के पश्चात गर्भाशय में स्थापित होना गर्भधारण कहलाता है। स्त्री की गर्भावस्था की अवधि 280 दिन सम्भावित होती है।

**47. चार माह की अवस्था में आमतौर पर बालक का वजन होता है**

(a) दोगुना (b) तीगुना
(c) आधा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** चार माह की अवस्था में आमतौर पर बालक का वजन दोगुना हो जाता है।

**48. अण्डाणु परिपक्व होता है**

(a) 20 दिनों में (b) 25 दिनों में
(c) 28 दिनों में (d) 30 दिनों में

**Ans. (c) :** 28 दिन में अण्डाणु परिपक्व होता है। जब लड़कियों का शारीरिक विकास पूर्ण हो जाता है। अर्थात् पूर्णतया युवा हो जाती है तथा उनके योनि मार्ग से रक्तस्राव होना प्रारम्भ होता है तो उसे रजोधर्म या मासिक धर्म कहते है। मासिक धर्म प्रारम्भ होने का अर्थ यह है कि स्त्री की प्रजनन अंग पूर्णतया विकसित हो गई है तथा उनमे माता बनने की जैविकीय क्षमता आ चुकी है।

**49. सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ हुआ था?**

(a) 2 अक्टूबर, 1952 (b) 5 सितम्बर, 1954
(c) 2 नवम्बर, 1956 (d) 10 अक्टूबर, 1958

**Ans. (a) :** सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आरम्भ गाँधी जी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर 1952 में फिसकल आयोग तथा ग्रो मोर फूड इक्वरी कमेटी के संस्तुति के आधार पर हुई इसका उद्देश्य, ग्रामीण लोगों को बहुमुखी विकास उन्ही के प्रयत्नों तथा सहकारी सहायता द्वारा करना था। भारत में सामुदायिक विकास योजना का कार्यक्रम बहुत पहले से चलता आ रहा है।

**50. 'एसेप्सिस' से तात्पर्य है**

(a) सूक्ष्मजीवाणुओं को हटाना
(b) सूक्ष्मजीवाणुओं को दूर रखना
(c) सूक्ष्मजीवाणुओं को मारना
(d) सूक्ष्मजीवाणुओं की क्रियाओं में व्यवधान उत्पन्न करना

**Ans. (b) :** एसेप्सिस से तात्पर्य है सूक्ष्मजीवाणुओं को दूर रखना।

**51. बालविहार (किन्डरगार्टन) प्रकार के पूर्वस्कूली कार्यक्रम की स्थापना, किसके द्वारा की गयी थी?**

(a) मारिया मांटेसरी
(b) फ्रेड्रिक फ्रोबेल
(c) रैशल और मार्गरेट मैक्मिलन
(d) ताराबाई मोदक

**Ans. (b) :** बाल विहार (किन्डरगार्टन) प्रकार के पूर्वस्कूली कार्यक्रम की स्थापना फेड्रिक फ्रोबेल (Friedrick Froebel) द्वारा की गयी थी।

**52. निम्न घटनाओं का कालानुक्रम में लिखिए:**

1. गर्भ-प्रतिस्थापन 2. अण्डपात
3. यौन-निर्धारण 4. निषेचन

**कूट:**

(a) 4, 3, 1, 2 (b) 2, 4, 3, 1
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 3, 4, 2

**Ans. (a) :** घटनाओं को कालानुक्रम-
निषेचन (Fertilization)
यौन निर्धारण
गर्भ प्रतिस्थापन
अण्डपात

**53. जन्म के समय नवजात शिशु के रोने से**

(a) श्वसन-क्रिया आरम्भ होती है
(b) रक्त-प्रवाह उत्तेजित होता है
(c) निदर्शित होता है कि वह भूखा है
(d) निदर्शित होता है कि वह दर्द में है

**Ans. (a) :** जन्म के समय नवजात शिशु का रोना अत्यन्त महत्वपूर्ण है रोने के द्वारा उसके फेफड़े फूल जाते है, जिससे श्वसन क्रिया प्रारम्भ हो जाती है।

**54. थॉर्नडाइक का माध्यमिक नियम किससे सम्बन्धित है?**

(a) तत्परता का नियम (b) बहुप्रतिक्रिया का नियम
(c) अभ्यास का नियम (d) प्रभाव का नियम

**Ans. (b) :** थॉर्नडाईक का माध्यमिक नियम बहुप्रतिक्रिया का नियम (Law of multiple response) से सम्बन्धित है। इस नियम के अनुसार व्यक्ति के सामने जब नवीन समस्या आती है तो वह उसे सुलझाने के लिए विविध प्रकार की क्रियाएँ करता है और तब-तक करता रहता है जब तक कि वह सही अनुक्रिया की खोज नहीं कर लेता ऐसा होने पर उसकी समस्या सुलझ जाती है और उसे संतोष मिलता है।

**55. तीव्र बुद्धि मानव का IQ होता है**

(a) 140 से अधिक (b) 120 से अधिक
(c) 100 से अधिक (d) 170 से अधिक

**Ans. (a) :** IQ पद की उत्पत्ति जर्मन शब्द Intelligence Quotient से हुई है जिसका सर्वप्रथम प्रयोग जर्मन मनोवैज्ञानिक विलियम स्टर्न ने 1912 में किया था। बुद्धि लब्धि (IQ) कई अलग मान की कृत परीक्षणों से प्राप्त एक गणना है। जिससे बुद्धि का आकलन किया जाता है। तीव्र बुद्धि मानव का IQ 140 होता है।

**56. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (सिद्धान्तवेत्ता) | सूची-II (सिद्धान्त) |
|---|---|
| A. वाइगोत्सकी | 1. मनोसामाजिक |
| B. एरिक्सन | 2. सामाजिक-सांस्कृतिक |
| C. पियाजे | 3. मनोविश्लेषणात्मक |
| D. फ्रायड | 4. संज्ञानात्मक |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**Ans. (c) :**

| | | |
|---|---|---|
| वाइगोत्सकी | - | सामाजिक सांस्कृतिक |
| एरिक्सन | - | मनोसामाजिक |
| पियाजे | - | संज्ञानात्मक |
| फ्रायड | - | मनोविश्लेषणात्मक |

**57. एनुरेसिस व्यवहार में कौन-सी समस्या होती है?**

(a) नींद में चलना (b) चोरी करना
(c) अंगूठा चूसना (d) बिस्तर गीला करना

**Ans. (d) :** एनुरेसिस व्यवहार में बिस्तर गीला करने की समस्या होती है।

**58. सोशल लर्निंग थ्योरी ऑफ पर्सनैलिटी सम्बन्धित है**

(a) स्किनर से (b) अल्बर्ट बण्डूरा से
(c) एरिक्सन से (d) पियाजे से

**Ans. (b) :** सोशल लर्निंग थ्योरी आफ पर्सनैलिटी का सिद्धान्त अल्बर्ट बण्डुरा ने दिया। सामाजिक अधिगम का आशय है कि बालक अपने परिवेश के साथ होने वाली अन्तःक्रिया के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यवहारों का अर्जन करता है। इससे उनके व्यक्तित्व का विकास तथा समय-समय पर परिमार्जन होता है।

**59. वर्णांधता है, एक**

(a) हीनताजन्य रोग (b) चयापचयिक रोग
(c) आनुवांशिक रोग (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** वर्णांधता एक आनुवांशिक रोग है जो आँख से सम्बन्धित बीमारी है जिसमें व्यक्ति लाल हरा रंग का पहचान नही कर पाता है। मुख्यतः यह रोग पुरुषों में होता है जबकि स्त्रीयाँ इस रोग की वाहक होती हैं।

**60. पूर्वस्कूली बालकों के लिए प्रवेश परीक्षाओं, पाठ्यपुस्तकों एवं गृहकार्य को प्रतिबंधित करने की संस्तुति की थी**

(a) कोठारी कमीशन ने
(b) यशपाल समिति ने
(c) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) ने
(d) एबॉट एवं वुड समिति ने

**Ans. (b) :** पूर्व स्कूली बालकों के लिए प्रवेश परीक्षाओं, पाठय पुस्तकों एवं गृहकार्य को प्रतिबंधित करने की संस्तुति यशपाल समिति ने की है। यह समिति 1992 में भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा 8 शिक्षाविदों को शामिल करके बनाया गया।

**61. मस्तिष्क अपने वयस्क भार का 90% तक पहुँचता है, जब बालक की आयु होती है**

(a) चार वर्ष की (b) पाँच वर्ष की
(c) छह वर्ष की (d) सात वर्ष की

**Ans. (c) :** मस्तिष्क अपने वयस्क भार का 90% तक पहुँचता है जब बालक की आयु छह वर्ष की होती है।

**62. वंशानुक्रम (आनुवांशिकता) का अणु है**

(a) डी. एन. ए. (b) आर. एन. ए.
(c) ए. टी. पी. (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** माता-पिता के गुण (traits) का संतति कोशिका में अवतरित होना आनुवांशिकता कहलाता है। जीव विज्ञान में अनुवांशिकता का अध्ययन आनुवांशिकी (Genetics) के अन्तर्गत किया जाता है। अनुवांशिकता का अणु DNA होता है। DNA या डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड अणुओं का एक समूह होता है। DNA अणु की संरचना घुमावदार सीढ़ीनुमा होती है।

**63. पाँच वर्ष के बालक कागज को कैंची से एक सीधी रेखा में काटने योग्य होते हैं। यह कौशल है, एक**

(a) स्थूल क्रियात्मक कौशल (b) सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल
(c) तकनीकी कौशल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** पाँच वर्ष के बालक कागज को कैंची से एक सीधी रेखा में काटने योग्य होते है यह कौशल सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल है। क्रियात्मक विकास का चालक विकास, गत्यात्मक विकास भी कहते है क्रियात्मक विकास के अन्तर्गत हाथ-पैर एवं शरीर के अन्य भागों की माँसपेशियों का समन्वय गति एवं उनकी शक्ति निहित है।

**64. क्रियात्मक अनुकूलन (ऑपरेंट कंडीशनिंग) की संकल्पना दी थी**

(a) स्किनर ने (b) पावलाव ने
(c) मैस्लो ने (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** क्रियात्मक अनुकूलन (आपरेंट कंडीशनिंग) की संकल्पना स्किनर ने दी थी। स्किनर एक प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक थे।

**65. शक्ति (एम्पावरमेन्ट) से आप किसे नियन्त्रित करते हैं?**

(a) सम्पत्ति (b) ज्ञान
(c) प्रवृत्ति (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** शक्ति (एम्पावरमेन्ट) से हम सम्पत्ति, ज्ञान, प्रवृत्ति आदि चीजों को नियन्त्रित करते है।

Adda247
GET IT ON Google Play

**66. प्रसार शिक्षा के चरणों का सही क्रम लिखिए:**

1. ध्यानाकर्षण　　2. आकांक्षा
3. क्रिया　　4. संतुष्टि
5. विश्वास　　6. अभिरुचि

**कूटः**

(a) 6, 1, 2, 3, 5, 4　　(b) 1, 6, 2, 5, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 5, 6, 4　　(d) 1, 3, 5, 6, 4, 2

**Ans. (b) :** प्रसार शिक्षण क्रियाएँ एका-एक नही होती है बल्कि चरण बद्ध होती है। इसे संक्षिप्त में एडकास कहते है जिसे प्रसार शिक्षा के चरण के नाम से जाना जाता है प्रसार शिक्षा के चरण निम्नलिखित है-

(1) ध्यानाकर्षण　　(5) जानकारी
(2) अभिरूचि　　(6) क्रिया
(3) आकांक्षा　　(7) सन्तुष्टि
(4) विश्वास　　(8) मूल्यांकन

**67. 'महिला सशक्तिकरण' निम्न में से किस पंचवर्षीय योजना का मुद्दा था?**

(a) सातवीं पंचवर्षीय योजना　　(b) आठवीं पंचवर्षीय योजना
(c) नवीं पंचवर्षीय योजना　　(d) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना

**Ans. (c) :** महिला सशक्तिकरण नवी पंचवर्षीय योजना से संबंधित है। इस योजना में महिलाओं को समाज में भागीदारी, प्रगति और उनमें आत्मविश्वास का संचार आदि पर बल दिया गया।

**68. निम्न घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**

1. मार्तंडम परियोजना　　2. सेवाग्राम परियोजना
3. गुड़गाँव परियोजना　　4. इटावा पायलट परियोजना

**कूटः**

(a) 1, 3, 2, 4　　(b) 2, 1, 3, 4
(c) 1, 2, 4, 3　　(d) 2, 1, 4, 3

**Ans. (*)** निम्नलिखित घटनाओ का कालानुक्रमिक का व्यवस्थित क्रम-

(3) गुड़गाँव परियोजना – 1920
(1) मार्तंडम परियोजना – 1921
(2) सेवाग्राम परियोजना – 1936
(4) इटावा पायलट परियोजना। – 1948

**नोट** – इस प्रश्न के सभी विकल्प गलत हैं।

**69. निम्न में से कौन-सा संचार में बाधा नहीं है?**

(a) शोर　　(b) भाषा
(c) आय-समूह　　(d) बोरियत

**Ans. (c) :** निम्न विकल्पो में संचार में बाधा आय समूह (Income group) नही है। बाकि शोर, भाषा, बोरियत ये सभी संचार में बाधा बनती है।

**70. सामुदायिक विकास किस संकल्पना से विकसित हुआ है?**

(a) सामूहिक शिक्षा　　(b) प्रसार शिक्षा
(c) सामाजिक शिक्षा　　(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सामुदायिक विकास कार्यक्रम प्रसार शिक्षा की संकल्पना से विकसित हुआ है। सामुदायिक विकास 2 शब्दों से मिलकर बना है- समुदाय एवं विकास। समुदाय कुछ व्यक्तियों का ऐसा समूह जो किसी एक भौगोलिक स्थान मुहल्ला, गाँव, ब्लॉक, जिला प्रान्त आदि किसी क्षेत्र में रहते है।

**71. प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना है**

(a) औपचारिक शिक्षा　　(b) औपचारिकेत्तर शिक्षा
(c) सामूहिक शिक्षा　　(d) अनौपचारिक शिक्षा

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एक अनौपचारिक शिक्षा है। इस योजना की शुरूआत जुलाई 2015 में भारत सरकार द्वारा की गई। इसका उद्देश्य सन् 2020 तक एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देना था और उसके माध्यम से कम पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार मुहैया कराना था।

**72. निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

| **प्रसार विधि** | | **सम्पर्क का प्रसार** |
|---|---|---|
| (a) गृह भेंट | - | व्यक्तिगत सम्पर्क |
| (b) दूरदर्शन | - | जन सम्पर्क |
| (c) संगोष्ठी | - | जन सम्पर्क |
| (d) परिणाम प्रदर्शन | - | व्यक्तिगत सम्पर्क |

**Ans. (d) :**

| **प्रसार विधि** | **सम्पर्क का प्रकार** |
|---|---|
| गृह भेंट | - व्यक्तिगत सम्पर्क |
| दूरदर्शन | - जनसम्पर्क |
| संगोष्ठी | - जन सम्पर्क |

तथा परिणाम प्रदर्शन विधि व्यक्तिगत सम्पर्क विधि नही है।

**73. प्रसार शिक्षण प्रक्रिया में निम्न पाँच आवश्यक चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**

1. मूल्यांकन　　2. पुनर्विचार
3. स्थिति एवं समस्या　　4. शिक्षण कार्य-योजना
5. उद्देश्य समाधान

**कूटः**

(a) 5, 3, 4, 2, 1　　(b) 3, 2, 5, 4, 1
(c) 2, 3, 4, 5, 1　　(d) 3, 5, 4, 1, 2

**Ans. (d) :** प्रसार शिक्षण प्रक्रिया में पाँच आवश्यक चरणो का सही क्रम–स्थिति एवं समस्या, उद्देश्य समाधान, शिक्षण कार्य योजना, मूल्यांकन, पुनर्विचार।

**74. राष्ट्रीय प्रसार प्रणाली किस वर्ष आरम्भ की गयी?**

(a) 1952　　(b) 1953
(c) 1954　　(d) 1956

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय प्रसार प्रणाली का आरम्भ 1953 में किया गया था।

**75. निम्न में से कौन-से सही नहीं हैं?**

**1. मानव अधिकार दिवस एवं 10 दिसम्बर**
**2. विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं 8 मई**
**3. विश्व पर्यावरण दिवस एवं 11 दिसम्बर**
**4. विश्व एड्स दिवस एवं 5 जून**

कूटः

(a) 3 तथा 4 (b) 1 तथा 4
(c) 2 तथा 3 (d) 1 तथा 2

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पो का सही क्रम-

मानव अधिकार दिवस - 10 दिसम्बर
विश्व रेड क्रॉस दिवस - 8 मई
विश्व पर्यावरण दिवस - 5 जून
विश्व एड्स दिवस - 1 दिसम्बर

निम्न में से (3) विश्व पर्यावरण दिवस (4) विश्व एड्स दिवस सही सुमेलित नहीं है।

**76. पोस्टर में ए. बी. सी. का अर्थ है**

(a) ध्यान आकर्षण, संक्षिप्त व स्पष्ट
(b) ध्यान आकर्षण, बड़ा व स्पष्ट
(c) आकर्षक, संक्षिप्त व स्पष्ट
(d) आकर्षक, संक्षिप्त व रंगीन

**Ans. (c) :** पोस्टर में A. B. C. का अर्थ है- आकर्षक, संक्षिप्त व स्पष्ट (Attractive brief and clear)

**77. नवीन प्रचलनों को सबसे बाद में अभिकृत करने वाले व्यक्ति को कहते हैं**

(a) विलंबित अभिकारक (b) नवप्रवर्तक
(c) प्रारम्भिक अभिकारक (d) लैगार्ड

**Ans. (d) :** नवीन प्रचलनों को सबसे बाद में अभिकृत करने वाले व्यक्ति को लैगार्ड कहते हैं।

**78. अरस्तू मॉडल की संचार प्रणाली में है**

(a) तीन तत्त्व (b) चार तत्त्व
(c) पाँच तत्त्व (d) छः तत्त्व

**Ans. (a) :** लगभग 2300 वर्ष पूर्व ग्रीक दार्शनिक अरस्तू ने संचार के 3 तत्व बताए- वक्ता, भाषण, श्रोतागण इन तीनों तत्वों को संचार प्रक्रिया के आवश्यक तत्वों के रूप में अरस्तू ने माना है- इसमें एक वक्ता है, दूसरे में वह जो कुछ बोलता है उसको रखा गया है तीसरे में वह व्यक्ति है जो उसे सुनता है।

वक्ता → भाषण → श्रोतागण
(Speaker) (Speech) (Audience)

**79. मानवीय अभिप्रेरणा सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया**

(a) स्किनर द्वारा (b) पियाजे द्वारा
(c) पावलव द्वारा (d) मैस्लो द्वारा

**Ans. (d) :** मानवीय अभिप्रेरणा सिद्धान्त मैस्लो द्वारा (Maslow) प्रतिपादित किया गया।

**80. स्वच्छता, संरक्षण एवं जलापूर्ति किसके कार्य हैं?**

(a) पंचायत (b) पंचायत समिति
(c) जिला परिषद् (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** स्वच्छता संरक्षण एवं जलापूर्ति पंचायत के कार्य है। सबसे पहले पंचायती राज की स्थापना 2 अक्टूबर 1959 में राजस्थान के नागौर जिला में हुआ था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में राज्यों को पंचायतों के गठन का निर्देश दिया गया है। 1991 में संविधान में 73वाँ संशोधन अधिनियम द्वारा पंचायत राज्य संस्था को संवैधानिक मान्यता दे दी गयी है। इस संशोधन से एक त्रिस्तरीय ढाँचे की स्थापना (ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला पंचायत) की गई।

**81. 'लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण' की अवधारणा किसके द्वारा दी गई थी?**

(a) वेनगल राव (b) जी. एस. मेहता
(c) एम. एस. रंधावा (d) बलवन्त राय जी. मेहता

**Ans. (d) :** लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा बलवन्त राय जी. मेहता द्वारा दी गयी थी। इस अवधारणा के अनुसार, शासन-सत्ता को एक स्थान पर केन्द्रित करने के बजाय उसे स्थानीय स्तरों पर विभाजित किया जाए। जिससे आम आदमी की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**82. प्रसार शिक्षा का सिद्धान्त है**

(a) देखकर सीखना (b) करके सीखना
(c) पढ़कर सीखना (d) सुनकर सीखना

**Ans. (b) :** प्रसार शिक्षा का सिद्धान्त करके सीखने पर आधारित है। प्रसार शब्द अंग्रेजी शब्द Extension का हिन्दी रूपान्तर है Extension शब्द लैटिन भाषा के Tension शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है खींचना या फैलाना। तथा Ex का अर्थ है Out अर्थात् बाहर अतः प्रसार शिक्षा इस प्रकार की शिक्षा है जो ग्रामो तथा अन्य जगहों पर स्कूल या कालेज की सीमाओं के बाहर होती है। प्रसार शिक्षा, ग्रामीण समाज को उपयोगी ज्ञान देने की विधि है।

**83. फ्लैश कार्डो की अधिकतम संख्या हो सकती है**

(a) 20-22 (b) 10-12
(c) 15-20 (d) 6-8

**Ans. (b) :** फ्लैश कार्डो की अधिकतम संख्या 10-12 होती है। इसमें प्रत्येक कार्ड मोटे कागज पर बनाया जाता है जो लगभग 21×27 सेमी. के आकार का होता है, जिसमे चित्र होते है या रेखाचित्र बने होते है यह कार्ड बंधे हुऐ नही होते है। प्रत्येक कार्ड को दर्शको के सामने फ्लैश किया जाता है और साथ में शब्दों की कमेन्ट्री की जाती है। प्रसार कार्यकर्ता इन कार्ड को हाथ में पकड़कर उपयोग में लाते है और एक के बाद एक फ्लैश करते जाते है।

**84. दो स्वतंत्र प्रतिदर्शो की विचलनशीलता की तुलना हेतु निम्न में से किस परीक्षण का उपयोग किया जाता है?**

(a) टी-परीक्षण (b) काई स्कवायर ($\chi^2$)- परीक्षण
(c) जेड-परीक्षण (d) एफ-परीक्षण

**Ans. (a) :** दो स्वतंत्र प्रतिदर्शो की विचलनशीलता की तुलना हेतु टी-परीक्षण का उपयोग किया जाता है। यह एक सांख्यिकीय परिकल्पना है।

**85. निम्न में से किस प्रकार की प्रेक्षण तकनीक में प्रेक्षण एक विशिष्ट लघु अवधि के लिए किए जाते हैं?**

(a) प्राकृतिक प्रेक्षण (b) अनौपचारिक प्रेक्षण
(c) समय प्रतिचयन प्रेक्षण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** समय प्रतिचयन प्रेक्षण तकनीक में प्रेक्षण (Time Sampling Observation) एक विशिष्ट लघु अवधि के लिए किए जाते है।

**86. पद-विश्लेषण उपागम का प्रयोग किसके निर्माण में किया जाता है?**

(a) लिकर्ट प्रकार का पैमाना (b) थर्स्टन प्रकार का पैमाना
(c) गेटमैन पैमाना (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** पद विश्लेषण उपागम का प्रयोग लिकर्ट प्रकार के पैमाने (Likert type Scale) के निर्माण में किया जाता है।

**87. निम्न में से कौन-सा डाटा सेट को दो बराबर हिस्सों में विभाजित करता है?**

(a) मीन (b) मोड
(c) मीडियन (d) काई स्क्वायर

**Ans. (c) :** माध्यिका (Median) डाटा सेट को दो बराबर हिस्सो में विभाजित करता है।

**88. केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापक कौन-सा नहीं है?**

(a) मध्यमान (b) मध्यांक
(c) बहुलक (d) प्रसार

**Ans. (d) :** केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापक- मध्यमान, मध्यांक, बहुलक आदि है लेकिन प्रसार केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापक नही है।

**89. निम्न में से कौन-सा समग्र (पूर्ण) के भागों की तुलना में उपयोग के लिए सबसे उत्तम है?**

(a) बार ग्राफ (b) लाइन (रेखा) ग्राफ
(c) पाई ग्राफ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** बार ग्राफ समग्र (पूर्ण) के भागों की तुलना में उपयोग के लिए सबसे उत्तम है। यह तुलनात्मक अध्ययन के लिए बनाया जाता है यह बनाने और समझाने दोनो में आसान होता है विभाजित बार ग्राफ भी बनाया जाता है जिसमें एक ग्राफ को विभिन्न भागों में विभाजित किया जाता है।

**90. किसी समस्या का सोचा-समझा आवेदित उत्तर है**

(a) परिकल्पना (b) जवाब
(c) परीक्षाफल (d) कटौती

**Ans. (a) :** परिकल्पना किसी समस्या का सोचा समझा आवेदित उत्तर है।

**91. निम्न में से कौन-सा बैक्टीरिया क्षारीय pH में वृद्धि करता है?**

(a) लैक्टोबैसिली (b) विब्रियों कॉलेरा
(c) साल्मोनैला (d) स्टैफाइलोकोकस

**Ans. (b) :** विब्रियो कालेरा क्षारीय pH में वृद्धि करता है। विब्रियो कॉलेरा जीवाणु से हैजा नामक रोग उत्पन्न होता है। मनुष्यों में इसका संक्रमण इस जीवाणु से संक्रमित भोजन या पानी ग्रहण करने से होता है।

**92. अपोषणीय पदार्थ, जो भोज्य पदार्थों में उद्देश्यपूर्ण ढंग से मिलाये जाते हैं, है**

(a) फूड ऐडिटिव (b) फूड सप्लीमेन्ट
(c) फर्मेन्टेड फूड (d) फोर्टिफाइड फूड

**Ans. (a) :** फूड ऐडिटिव पदार्थ, भोज्य पदार्थों में उद्देश्यपूर्ण ढंग से मिलाया जाता है। भोजन की पौष्टिकता एवं गुणवत्ता में कमी के कई कारण है उनमें से एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारण है- भोज्य पदार्थो में मिलावट।

**93. E. coli है**

(a) ग्राम-पॉजिटिव बैक्टीरिया (b) ग्राम-निगेटिव बैक्टीरिया
(c) न्यूट्रल बैक्टीरिया (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (b) :** एशेरिकिया कोलाए, जिसे ई0 कोलाए (E. Coli) भी कहते हैं, एक ग्राम-ऋणात्मक, विकल्पी अवायुजीवी, छड़ी-आकृति का जीवाणु है। यह साधारण रूप से नियततापी प्राणियों के जठरांत्र क्षेत्र में निचली आँतों में रहता है।

**94. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था?**

(a) 1974 (b) 1975
(c) 1956 (d) 1986

**Ans. (d) :** संयुक्त राष्ट्र का प्रथम मानव पर्यावरण सम्मेलन 5 जून 1972 में स्टॉकहोम में सम्पन्न हुआ। इसी से प्रभावित होकर भारत ने पर्यावरण के संरक्षण के लिये पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 में पारित किया। इसका मुख्य उद्देश्य वातावरण में घातक रसायनों की अधिकता को नियंत्रित करना व पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदूषण मुक्त रखने का प्रयत्न करना है।

**95. 'कौशल भारत कार्यक्रम' किसने प्रस्तावित किया था?**

(a) श्री मनमोहन सिंह (b) डॉ. अब्दुल कलाम
(c) श्री नरेन्द्र मोदी (d) पंडित जवाहरलाल नेहरू

**Ans. (c) :** कौशल भारत कार्यक्रम भारत सरकार की एक योजना है जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जुलाई 2015 में शुरू किया गया था। इस योजना के तहत 2020 तक एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई थी। जिसका उद्देश्य ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया कराना है जो कम पढ़े-लिखे हैं।

**96. निम्न में से कौन-सा उपकरण रक्तचाप मापने के काम आता है?**

(a) स्फाइग्मोमैनोमीटर (b) थर्मोमीटर
(c) गोनियोमीटर (d) लक्समीटर

**Ans. (a) :** मनुष्य का हृदय गुलाबी रंग का शंकवाकार खोखला स्पंदनशील कोमल व पेशीय अंग है ये वक्ष स्थल में बायीं ओर तीसरी-छठीं पसलियों के बीच दोनों फेफड़ों के मध्य अधरतल की ओर स्थित होता है। स्फाइग्मोमैनोमीटर रक्तचाप मापने के काम आता है।

**97. भोजन नष्ट होने का कारण है**

(a) बैक्टीरिया (b) खमीर
(c) फफूँदी (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** भोज्य पदार्थों के स्वाद एवं पौष्टिक मूल्य भोजन की गुणवत्ता पर निर्भर करता है भोजन का उचित संग्रह एवं संरक्षण इनकी गुणवत्ता को प्रभावित करते है यदि उचित तरीके से भोज्य पदार्थो का संग्रह नही किया जाता है तो वे सड़ गलकर नष्ट हो जाते है। बैक्टीरिया खमीर, फफूँदी आदि अन्य सूक्ष्म जीव भोजन में पनपते है तथा इनकी गुणवत्ता एवं पौष्टिकता को नष्ट कर देते है।

**98. अधिकतर भोज्य पदार्थों को खराब करने वाले बैक्टीरिया विकसित होते हैं**

(a) अम्लीय pH में (b) क्षारीय pH में
(c) न्यूट्रल pH में (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (c) :** अधिकतर भोज्य पदार्थो को खराब करने वाले बैक्टीरिया न्यूट्रल pH में विकसित होते है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**99. बी. सी. जी. का टीका बचाव करता है**

(a) कॉलेरा से (b) गठिया से
(c) खसरा से (d) क्षयरोग से

**Ans. (d) :** वर्तमान समय में शिशु को जो प्रथम रोग निरोधक टीका लगता है वह B.C.G. का ही होता है यह जन्म के 24 घण्टे बाद लगता है। यह टीका तपेदिक या क्षय रोग से रक्षा करने के लिए लगाया जाता है। BCG विस्तृत रूप बैसिलस कैलमेट गुएरिन है।

**100. ड्रेसिंग के प्रकार हैं**

(a) सूखी पट्टी (b) न चिपकने वाली पट्टी
(c) चिपकने वाली पट्टी (d) (a) तथा (b) दोनों

**Ans. (d) :** ड्रेसिंग के प्रकार है-
(1) सूखी पट्टी
(2) न चिपकने वाली पट्टी।

**101. निम्न पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

**1. कार्बोहाइड्रेट चयापचय पर इन्सुलिन का प्रमुख प्रभाव विभिन्न ऊतकों द्वारा ग्लूकोज के प्रयोग को घटाना है।**

**2. इन्सुलिन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव ग्लाइकोजन-निर्माण की दर को घटाना है।**

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) न तो 1, न ही 2 (d) 1 तथा 2 दोनों

**Ans. (a) :** कार्बोहाइड्रेट चयापचय पर इन्सुलिन का प्रमुख प्रभाव विभिन्न ऊतकों द्वारा ग्लूकोज के उपयोग को घटाना है तथा इन्सुलिन का सर्वाधिक प्रभाव ग्लाइकोजन-निर्माण की दर को घटाना नहीं है। इस प्रकार कथन 1 सही है जबकि कथन दो गलत है।

**102. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. मूल्य | 1. पार्कर |
| B. कार्य-सरलीकरण | 2. फॉलेट का सुझाव |
| C. निर्णय प्रक्रिया | 3. मुण्डेल के परिवर्तन का वर्ग |
| D. बजट | 4. एन्जिल का नियम |
| | 5. प्रांग |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 5 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans. (a) :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| मूल्य | - पार्कर |
| कार्य- सरलीकरण | - मुण्डेल के परिवर्तन का वर्ग |
| निर्णय प्रक्रिया | - फालेट का सुझाव |
| बजट | - एन्जिल का नियम |

**103. निम्न में से कौन-सी वृक्क की कार्यात्मक इकाई है?**

(a) बोमैन कैप्सूल (b) मैल्पीजियन कार्पसल
(c) पिरामिड (d) नेफ्रॉन

**Ans. (d) :** वृक्क की कार्यात्मक इकाई नेफ्रान है। मनुष्य में एक जोड़ी वृक्क या गुर्दे होते है जो उदर गुहा के पृष्ट भाग में कशेरूक दण्ड के इधर-उधर दायें व बायें स्थित होते है। दाहिनी ओर यकृत की उपस्थिति के कारण दाहिना वृक्क बायें वृक्क से कुछ आगे स्थित होता है।

**104. FMN एवं FAD ऐसे को एंजाइम हैं, जो प्राप्त होते हैं**

(a) राइबोफ्लेविन से (b) थायमिन से
(c) पायरीडॉक्सिन से (d) नियासिन से

**Ans. (a) :** FMN एवं FAD ऐसे को एंजाइम है, जो राइबोफ्लेविन से प्राप्त होते है। राइबोफ्लोविन विटामिन-बी समूह का एक विटामिन है यह जल में घुलनशील होता है।

**105. बोमैन कैप्सूल मानव शरीर के किस अंग का हिस्सा है?**

(a) हृदय (b) गुर्दा
(c) फेफड़ा (d) बड़ी आँत

**Ans. (b) :** बोमैन कैप्सूल मानव शरीर के गुर्दा वृक्क का हिस्सा है। बोमैन कैप्सूल का निचला भाग पतली नलिका के रूप में होता है। जिसे ग्रीवा कहते है तथा ऊपर का भाग प्याले नुमा होता है।

**106. एक एन्जाइम, जो मुख के अन्दर सलाइवा में पाया जाता है**

(a) पेप्सिन (b) इन्सुलिन
(c) टायलिन (d) बाइल जूस

**Ans. (c) :** एन्जाइम जो मुख के अन्दर सलाइवा (लार) में पाया जाता है उसे टायलिन (Ptyalin) कहते है। लार ग्रन्थियो से लार का स्रावण स्वायत तंत्रिका तंत्र के द्वारा नियंत्रित होता है लार में 2 प्रकार का स्रावण होता है।
(1) श्लेष्मी- इसमें म्यूसिन नामक श्लेष्मिक होता है जो मुखगुहा में भोजन की लुग्दी को चिकना और लसदार बनाता है।
(2) सीरमी स्राव- इसमें टायलिन लारीय एमाइलेज नामक एंजाइम पाया जाता है जो मण्ड को माल्टोज शर्करा में परिवर्तित कर देता है।

**107. खाने की पाचन-क्रिया प्रारम्भ होती है**

(a) मुख में (b) अमाशय में
(c) छोटी आँत में (d) बड़ी आँत में

**Ans. (a) :** खाने की पाचन क्रिया मुख से प्रारम्भ होती है। भोजन के मुख गुहा में आने पर दाँत द्वारा पीसकर लुग्दी के रूप में बदल दिये जाते हैं इसी समय इसमें लार ग्रन्थियों से लार निकलकर मिल जाती है। भोजन मुखगुहा में आते ही लार ग्रन्थियो से बहुत सी लार मुखगुहा में आने लगती है सामान्यतः प्रतिदिन 1.5 लीटर लार स्रावित होकर हमारी मुखगुहा में आती है। स्वादिष्ट भोजन देखकर या सुगन्ध से लार की मात्रा बढ़ जाती है।

**108. एड्रिनल ग्लैण्ड मानव शरीर में स्थित है**

(a) गुर्दे के ऊपर (b) अमाशय के ऊपर
(c) यकृत के ऊपर (d) अग्न्याशय के ऊपर

**Ans. (a) :** अधिवृक्क ग्रन्थि (Adrenal Gland) कशेरूकी जीवों में पायी जाने वाली एक अंतःस्रावी ग्रन्थि है। यह गुर्दे के ऊपर स्थित होती है। इसका मुख्य कार्य तनाव की स्थिति में हार्मोन निकालना है।

Adda247
GET IT ON Google Play

**109. शरीर में खनिज लवण के प्रमुख कार्य हैं**

(a) ऊर्जा तथा सुरक्षा देना
(b) शरीर-निर्माण तथा ऊर्जा प्रदान करना
(c) सुरक्षा तथा नियमन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** शरीर में खनिज लवण का प्रमुख कार्य है शरीर की सुरक्षा तथा नियमन करना। हमारे कुल शरीर भार का 96% भाग पानी, कार्बोज, वसा एवं प्रोटीन के मिलने से बनता है शेष 4% भाग खनिज लवणो का होता है खनिज लवणों के कार्य –
(1) अस्थियों का निर्माण
(2) दाँतो का निर्माण
(3) हार्मोन्स के निर्माण में सहायक
(4) नियामक कार्य में सहायक आदि।

**110. निम्न में से किस हॉर्मोन को वसा उत्पन्न करने वाला हॉर्मोन भी कहा जाता है?**

(a) एस्ट्रोजेन (b) इन्सुलिन
(c) प्रोजेस्टेरॉन (d) थाइरॉक्सिन

**Ans. (b) :** इन्सुलिन हार्मोन को वसा उत्पन्न करने वाला हार्मोन भी कहते है। इसका निर्माण अग्नाशय में होता है।

**111. निम्न कैलोरी, निम्न वसा, निम्न सोडियम सामान्य प्रोटीन के साथ प्रस्तावित किया जाता है**

(a) मधुमेह में (b) पीलिया में
(c) उच्च रक्तचाप में (d) पेप्टिक अल्सर में

**Ans. (c) :** निम्न कैलोरी, निम्न वसा, निम्न सोडियम सामान्य प्रोटीन के साथ उच्च रक्तचाप में प्रस्तावित किया जाता है। उच्च रक्तचाप 40-60 वर्ष के लोगो को अधिक होता है हृदय रोग तथा गुर्दो की बीमारी के कारण भी रक्तचाप बढ़ जाता है।

**112. शाकाहारी आहार में सामान्यतः कमी होती है**

(a) संतृप्त वसीय अम्ल की (b) रेशे की
(c) असंतृप्त वसीय अम्ल की (d) विटामिन c की

**Ans. (a) :** शाकाहारी आहार में सामान्यतः संतृप्त वसीय अम्ल की कमी होती है।

**113. शिशु के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यक वसीय अम्ल है**

(a) लिनोलीनिक अम्ल (b) लिनोलीइक अम्ल
(c) आर्किडोनिक अम्ल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** आर्किडोनिक अम्ल (Archidonic Acid) शिशु के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यक वसीय अम्ल है।

**114. बौद्धिक विकारता किसकी कमी का लक्षण है?**

(a) कैल्शियम (b) फॉस्फोरस
(c) लौह (d) आयोडीन

**Ans. (d) :** बौद्धिक विकारता आयोडीन की कमी का लक्षण है। हमारे स्वस्थ जीवन के लिए आयोडीन अत्यन्त ही आवश्यक खनिज लवण है। यह थायरॉइड ग्रन्थि से निकलने वाला हार्मोन थायरॉक्सिन का मुख्य घटक या अवयव है थायरॉक्सिन हार्मोन आयोडीनयुक्त प्रोटीन होता है। इसकी कमी से शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि बाधित होती है वयस्कों में गलगण्ड या घेंघा हो जाता है। बच्चो में इस खनिज लवण के अभाव से क्रेटिनिज्म रोग हो जाता है।

**115. विटामिन D का कौन-सा प्रकार प्रकृति में नहीं पाया जाता?**

(a) $D_3$ (b) $D_2$ (c) D (d) $D_4$

**Ans. (d) :** विटामिन D वसा में घुलनशील विटामिन है। इसे अस्थि विकृति नाशक विटामिन भी कहते है। विटामिन D मुख्यतः 2 प्रकार का होता है-
(1) विटामिन $D_2$- यह पेड़-पौधो में पाया जाता है। इसे अर्गोस्टेरॉल या प्रोविटामिन भी कहते है।
(2) विटामिन $D_3$- इसे 7- डीहाइड्रोकोलेस्ट्राल भी कहते है। यह मछलियों के तेलो में पाया जाता है।

**116. पैलेग्रा नामक रोग निम्न में से किसकी कमी से होता है?**

(a) राइबोफ्लेविन (b) फोलिक एसिड
(c) नियासिन (d) कैल्सियम

**Ans. (c) :** नियासिन को पैलेग्रा विरोधक विटामिन भी कहते है नियासिन के लगातार कमी से पैलेग्रा नामक रोग हो जाता है पैलेग्रा को 3D'S रोग भी कहते है क्योंकि इसमें तीन लक्षण पाये जाते है जिसके प्रथम अक्षर 'D' होता है-
(1) अतिसार (Diarrhoece)
(2) त्वचा का रोग चर्मरोग (Dermatities)
(3) पागलपन (Dementia) आदि।

**117. ऐल्फा टॉक्सिन पाये जाते हैं**

(a) मूँगफली में (b) सेब में
(c) दूध में (d) पनीर में

**Ans. (a) :** मूँगफली में ऐल्फा टॉक्सिन पाये जाते है। यह कवक द्वारा उत्पादित विषाक्त पदार्थ है।

**118. अर्ध-आवश्यक अमीनो अम्ल है**

(a) ल्यूसीन (b) ऐलानिन (c) वेलीन (d) आर्जिनिन

**Ans. (b) :** एलानिन एक अर्ध- आवश्यक अमीनो अम्ल है।

**119. विटामिन, जो लोहे के अवशोषण में सहायता करता है**

(a) विटामिन $B_{12}$ (b) विटामिन C
(c) विटामिन $B_6$ (d) विटामिन E

**Ans. (b) :** लोहे का अवशोषण छोटी आँत के पक्वाशय एवं जेजुनम वाले भाग में होता है। भोज्य पदार्थो में उपस्थित लोहा पाचन के बाद फेरस रूप में बदल जाता है लोहे का अवशोषण आँत में फेरस रूप में ही होता है। लोहे का अवशोषण अम्लीय माध्यम एवं विटामिन 'सी' की उपस्थिति में सुगमता एवं शीघ्रता से हो जाता है प्राणिज स्रोतों से प्राप्त लोहे का अवशोषण सुगमता से हो जाता है। एक सामान्य व्यक्ति में भोज्य तत्वों से प्राप्त लोहे का अवशोषण 10% तक होता है।

**120. अण्डे में बायोटिन के साथ पाए जाने वाले प्रोटीन का नाम है**

(a) ऐविडिन (b) ग्लोब्यूलिन
(c) ऐल्ब्यूमिन (d) मायोसिन

**Ans. (a) :** एक अण्डे का वजन 40-50 ग्राम होता है इसमें 30% अण्डे की जर्दी 58% अण्डे की सफेदी तथा 12% अण्डे का बाह्य आवरण होता है। अण्डे के सफेद भाग में एविडीन उपस्थित रहता है जो बायोटिन के साथ जुड़कर उसे अक्रियाशील बनाता है अण्डे को पकाने पर ताप के प्रभाव से एविडीन डिनेचर्ड हो जाता है तथा बायोटिन मुक्त होकर व्यक्ति को उपलब्ध हो जाता है। इसलिए अण्डा को उबालकर ही प्रयोग करना चाहिए।